दिन– बुधवार दिनांक– 08/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी की पहली बैठक नई दिल्ली में जारी है। विधेयकों को आधिकारिक तौर पर एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस और केंद्र शासित प्रदेश कानून–संशोधन विधेयक– दो हजार चौबीस नाम दिया गया है। संवाददाताओं से बातचीत में समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद पी पी चौधरी ने कहा कि आज पहले दिन संबंधित मंत्रालय दोनों विधेयकों के बारे में सिर्फ जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि समिति सभी हितधारकों के विचार जानेगी। श्री चौधरी ने कहा कि समिति सभी के विचार जानने के बाद आगे बढ़ने का फैसला करेगी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान छपरा में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल का उद्घाटन किया। चार सौ पच्चीस करोड़ रूपये की लागत से निर्मित इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पांच सौ बेड की क्षमता है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कई अन्य योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने विकास परियोजनाओं की समीक्षा भी की।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक समिति की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर छात्रों को उपलब्ध करायेंगे। यह प्रवेश पत्र प्रायोगिक और सैद्धांतिक दोनों परीक्षाओं के लिए मान्य होगा। मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षा इक्कीस से तेईस जनवरी तक जबकि सैद्धांतिक परीक्षा सत्रह से पच्चीस फरवरी तक होगी। इसबार परीक्षा में सोलह लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

———————————————————————————

तेज पछुआ हवा के चलते प्रदेश का अधिकतर हिस्सा भीषण ठंड की चपेट में है। सुबह के समय घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर रात पश्चिमी चंपारण, किशनगंज, सुपौल और दरभंगा जिले में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, और गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। इधर, नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा लगातार चौथे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

———————————————————————————

ठंड के कारण किशनगंज, जहानाबाद और सुपौल जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक वर्ग संचालन पर ग्यारह जनवरी तक रोक लगा दी है। इस अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी बंद रहेगा।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के चैलाहा हॉल्ट के पास देर रात चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस रेलवे ट्रैक पर रखे पोल से टकरा गई। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने डाउन रेलवे ट्रैक पर सीमेंट का पोल रखकर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की थी। लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आरपीएफ थाने में मामला दर्ज कर घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के नावकोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत पहसार स्थित एक ईंट चिमनी भट्ठा पर अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की। इस घटना में झारखंड के गुमला निवासी एक मजदूर की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं, अपराधियों ने कई मजदूरों के साथ मारपीट भी की।

———————————————————————

समस्तीपुर के मोहनपुर रोड स्थित एक आभूषण दुकान से पिछले दिनों दस करोड़ रूपये के सोना लूटकांड मामले में पुलिस ने बारह अपराधियों पर पचास हजार रूपये से लेकर दो लाख रूपये तक का इनाम घोषित किया है।

———————————————————————

कटिहार नगर थाना क्षेत्र के कर्पूरी मार्केट से पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समाप्त